# भा.कृ.अनु.परि.–केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान
पहूज बाँध के पास, झाँसी–ग्वालियर मार्ग, झाँसी – 284003 (उ0 प्र0)

# ICAR - Central Agroforestry Research Institute
Near Pahuj Dam, Gwalior Road, Jhansi (UP) -284003

☎ : 0510 – 2730214, 2730154 **Fax** : 0510 – 2730364 **Web** : www.cafri.res.in


क्रमांक : 3–22 / 2025–26 दिनॉक : 07 / 11 / 2025

प्रति,

..........................................................

..........................................................

विषय : विभिन्न फलों की नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना ।

महोदय,

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्थान के प्रक्षेत्र में लगे **"बेल, ऑवला, अमरूद एवं बेर"** की बिक्री हेतु **मुहरबन्द निविदाऍं संस्थान द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्र में दिनॉक 13 नवम्बर, 2025 को सायं 17.00 बजे तक** निदेशक कार्यालय में स्वयं के द्वारा / स्पीड पोस्ट द्वारा / कोरियर डाक द्वारा आमन्त्रित हैं। प्राप्त निविदायें दिनॉक 14 / 11 / 2025 को अपरान्ह 15.00 बजे सन्दर्भित कार्य हेतु गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी । निविदा प्रपत्र के लिये निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र शुल्क के रूप में **रूपये 300 / – (तीन सौ)** मात्र (वापिसी योग्य नहीं) तथा **सुरक्षा धनराशि** के रूप में **कुल निविदित मूल्य की 10 प्रतिशत धनराशि** संस्थान में **पी.ओ.एस. / क्यू.आर. कोड के माध्यम से** पृथक–पृथक भुगतान किये जाने की रसीद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो कि आई.सी.ए.आर. इकाई सी.ए.एफ.आर.आई., झॉसी के पक्ष में निर्गत हो तथा भारतीय स्टेट बैंक शाखा करारी, झॉसी (कोड – 07477) पर देय हो, को संलग्न किया जाना अनिवार्य है ।

| सं. | विवरण | अनुमानित उत्पादन | फलों की उपलब्धता का मौसम / माह |
|---|---|---|---|
| 1 | बेल फल | 3,467 कि.ग्रा. | फरवरी, 2026 – मार्च, 2026 |
| 2 | ऑवला फल | 4,957 कि.ग्रा. | नवम्बर, 2025 – दिसम्बर, 2025 |
| 3 | अमरूद फल | 7,230 कि.ग्रा. | नवम्बर, 2025 – फरवरी, 2026 |
| 4 | बेर फल | 900 कि.ग्रा. | दिसम्बर, 2025 – जनवरी, 2026 |

इच्छुक व्यक्ति / फल व्यवसायी / ठेकेदार **उपरोक्तांकित फलों को "जहॉ है – जैसे हैं" के आधार पर**, क्रय किये जाने हेतु निविदा जमा करने से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित अधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर बिक्री से सम्बन्धित आवश्यक नियम व शर्तें तथा फलों के वृक्षों का स्थल निरीक्षण कर सकते हैं । निविदा स्वीकृति की सूचना प्राप्त होने के उपरान्त एवं उक्त फलों की तुड़वाई / ढुलाई के पूर्व सम्पूर्ण धनराशि संस्थान को जमा करना अनिवार्य होगा । निविदा स्वीकृति के उपरान्त उपरोक्त फलों को तोड़ने एवं ढुलाई का कार्य सम्बन्धित अनुभाग के निर्देशानुसार सम्पन्न करना होगा। बिक्री उपरान्त उपरोक्त फलों की सुरक्षा का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व ठेकेदार / क्रेता का होगा । संस्थान के निदेशक महोदय को निविदा से सम्बन्धित समस्त निर्णय लेने एवं किसी भी निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा, जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी ।

**नियम एवं शर्तें** –

1. नीलामी / बिक्री का कार्य निदेशक, केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान, झॉसी द्वारा गठित समिति द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा ।
2. निविदाकर्ता को अपना फोटो पहचान–पत्र / आधार कार्ड, निवास स्थान, कार्यालय का पता तथा दूरभाष संख्या प्रस्तुत करना होगा । बिना पहचान–पत्र के किसी भी व्यक्ति को निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी ।
3. **उपरोक्तांकित फलों को "जहॉ हैं – जैसे हैं" के आधार पर निविदा के माध्यम से बिक्री किया जायेगा ।**
4. **उपरोक्तांकित प्रत्येक फल हेतु, निविदाकर्ता द्वारा पृथक–पृथक निविदित राशि निविदा में अंकित की जायेगी । उक्त के अनुसार ही, पृथक–पृथक फलों हेतु उच्चतम निविदाकर्ता के पक्ष में, निविदा स्वीकृति आदेश जारी किया जायेगा ।**
5. **बिना निविदा प्रपत्र शुल्क एवं धरोहर राशि के, कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।**
6. सफल निविदाकर्ता को स्वीकृत कुल धनराशि पूर्ण रूप से, निविदा स्वीकृति की सूचना मिलने के पश्चात् तथा **फलों की तुड़वाई एवं ढुलाई** के पूर्व, तत्काल जमा करनी होगी ।
7. इच्छुक निविदाकर्ता ठेकेदार / फर्म निर्धारित अन्तिम तिथि से पूर्व, सम्बन्धित नीलामी के सम्बन्ध में, स्थल निरीक्षण तथा आवश्यक जानकारी हेतु सम्बन्धित अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।
8. निदेशक महोदय अथवा गठित समिति को कोई भी अन्य शर्तें जो यहॉ अपूर्ण है, सम्मिलित करने का अधिकार होगा।
9. सम्बन्धित व्यक्तियों को प्रक्षेत्र में प्रवेश और निष्कासन सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रदत्त गेट पास द्वारा हो सकेगा।
10. बिक्री के उपरान्त फलों की सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सफल निविदाकर्ता ठेकेदार / फर्म की होगी।
11. **फलों की तुड़वाई एवं ढुलाई** का कार्य स्वीकृति के उपरान्त वर्तमान सीजन अथवा सम्बन्धित अनुभाग द्वारा दी गयी समयावधि में सम्पन्न करना होगा ।
12. यदि सफल निविदाकर्ता ठेकेदार / फर्म के द्वारा अथवा उसके नामित किसी भी व्यक्ति / श्रमिक द्वारा संस्थान की किसी भी सम्पत्ति को जानबूझकर / अथवा अन्य किसी भी प्रकार से क्षति पहुँचायी जाती है, तो इस अवस्था में संस्थान के सक्षम अधिकारी महोदय द्वारा निर्धारित की गयी क्षतिपूर्ति सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म को वहन करनी होगी।
13. निविदाकर्ता फर्म / ठेकेदार को निविदा के माध्यम से खरीदे गये फलों के कुल मूल्य पर नियमानुसार **जीएसटी (GST) आदि का अतिरिक्त** भुगतान यदि देय होगा, करना होगा ।
14. संस्थान के निदेशक महोदय को निविदा से सम्बन्धित समस्त निर्णय लेने एवं किसी भी निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा, जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी ।

प्रभारी अधिकारी (भण्डार)

त्रिदेव / 07112025

Scanned with OKEN Scanner

(कृपया अपने लेटर पेड के साथ ही प्रेषित करें)

# निविदा प्रपत्र

दिनॉक :

प्रति,

निदेशक महोदय
भा.कृ.अनु.परि. – केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान,
पहुज बॉध के पास, ग्वालियर रोड, झॉसी – 284 003 (उ0 प्र0)

**विषय :** निम्नांकित फलों की नीलामी के माध्यम से खरीद हेतु निविदा ।

**संदर्भ :** 3–22/2025–26 दिनॉक : 07/11/2025

महोदय,

आपके संस्थान की संदर्भित निविदा संख्या 3–22/2025–26 दिनॉक 07/11/2025 के सम्बन्ध में, मैंने निम्न विवरणानुसार **निम्नांकित फलों** की नीलामी के माध्यम से खरीद किये जाने के पूर्व, उनका भली भॉति निरीक्षण कर लिया है तथा मैने आपके उक्त फलों की नीलामी के माध्यम से खरीद हेतु संदर्भित निविदा की सभी शर्ते पढ़कर समझ लीं हैं तथा समस्त शर्तो पर पूर्ण रूप से सहमत होते हुए मै उल्लिखित **फलों** को स्वयं के साधन जुटाकर–तोड़कर ले जाने हेतु आपको अपनी निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ।

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित कुल उत्पादन | क्रेता दृारा खरीद का **कुल एक मुश्त मूल्य** (नियमानुसार जी.एस.टी.आदि यदि होगा, के अतिरिक्त) |
|---|---|---|---|
| 1 | बेल फल | 3,467 कि.ग्रा. | |
| 2 | ऑवला फल | 4,957 कि.ग्रा. | |
| 3 | अमरूद फल | 7,230 कि.ग्रा. | |
| 4 | बेर फल | 900 कि.ग्रा. | |

संस्थान द्वारा **निविदा प्रपत्र शुल्क** के रूप में **निर्धारित राशि रूपये 300/– (तीन सौ)** मात्र पी.ओ.एस. / क्यू.आर. कोड जमा रसीद / ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक क्र.सं. ..........................दिनॉक.......................... तथा निविदा की **धरोहर राशि के रूप में वांछित निविदित राशि की 10 प्रतिशत राशि रूपये** ........................................................................................मात्र पी.ओ.एस. / क्यू.आर. कोड जमा रसीद / ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक क्र.सं. .....................दिनॉक.......................... निविदा के साथ संलग्न है ।

भवदीय

संलग्नक :
1. सं. ......................... दि0...........................राशि......................
2. सं. ......................... दि0...........................राशि......................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम : ..............................................................................
पिता का नाम : ..................................................
पता : ..............................................................................
..............................................................................
मोबाईल न0..........................................................

Scanned with OKEN Scanner